हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 3 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 नप स्वच्छता पखवाड़ा के तहत घर-घर जाकर करेंगे जागरूक



10 टेकराम को घर बैठे बुढ़ापा पेंशन देगा बैंक



## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जींद**। उचाना रेलवे स्टेशन और बरसोला के बीच सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। जीआरपी उचाना पुलिस चौकी के एएसआई कपिल ने बताया कि व्यक्ति रात दो बजे जाने वाली पंजाब मेल एक्सप्रेस से गिरा हो सकता है।

### पत्नी की गला दबाकर हत्या का आरोपी दबोचा

**कैथल**। गांव सेगा में एक व्यक्ति ने गला घोटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पातडा के बच्चन सिंह ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी राजेंद्र कौर की शादी गांव सेगा के रमेश के साथ रिती रिवाज अनुसार की थी। शादी के समय उसने सामर्थ्य से बढ़कर दान दहेज भी दिया था।

### 5.5 ग्राम हैरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद**। डिटेक्टिव स्टाफ ने भिवानी रोड रेलवे ओवरब्रिज के निकट युवक को काबू कर कब्जे 5.5 ग्राम हैरोइन बरामद की है। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि भिवानी रोड रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक युवक नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है।

### बाओपुर में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल**। गांव बाओपुर में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव बाओपुर के लवप्रीत सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 29 में को गांव के ही जसन, पिंस और रोहित ने मिलकर उसे पर लाठियां डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। हेड कांस्टेबल सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 478 ग्राम चरस के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद**। सीआईए स्टाफ ने गांव गोहिया तथा अलेवा के बीच एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 478 ग्राम चरस बरामद की है। अलेवा थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि अलेवा निवासी मोनू नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करता है।

### गांव क्योड़क में मारपीट की घटना में दो घायल

**कैथल**। कैथल के गांव क्योड़क में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव के रमेश ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 31 मई को गांव के ही रवि ने उसे पर कस्सी से हमला करते उसे घायल कर दिया। जांच अधिकारी एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जींदः हमला करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद**। गांव ढाठरथ में हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाठरथ निवासी सूबे सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बाहर वाले मकान पर गया हुआ था। उस दौरान पडोसी राजपाल झगड़ा कर रहा था। जब उसने विरोध किया तो आरोपितों ने हमला कर दिया।

### अवैध कॉलोनी के विकास पर जिला प्रशासन सख्त

**जींद**। शहर में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नागरिक अस्पताल प्रशासन के पास रीजेंट खरीदने के पैसे नहीं आठ महीने से बंद पड़ी फुली ऑटोमैटिक एनालाइजर मशीन

*गुर्दे, लीवर, हर्ट समेत अन्य कई टेस्ट बंद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में लाखों रुपये की फुली ऑटोमैटिक एनालाइजर मशीन है लेकिन इस मशीन के रीजेंट खत्म होने के कारण यह मशीन काम नही कर रही है। रीजेंट नहीं होने के कारण अस्पताल में गंभीर बीमारियों के टेस्ट नहीं हो रहे। इनके लिए मरीजों को बाहर के अस्पतालों में भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में रीजेंट समाप्त होने के बाद बजट नहीं होने के कारण अस्पताल प्रशासन लगभग आठ महीने पहले रीजेंट खरीदने में असमर्थ था। इस दौरान अस्पताल में स्थाई पीएमओ व सीएमओ भी नही थे। इसके कारण अस्पताल को बजट को लेकर परेशानी थी।

### सीएमओ मिलने के बाद भी नहीं घट रही परेशानी

अब अस्पताल को अपनी स्थायी सीएमओ मिली हुई है लेकिन इसके बावजूद भी अस्पताल में गंभीर रोगों की जांच के लिए रीजेंट उपलब्ध नहीं हो रहे। फिलहाल नागरिक अस्पताल की लैब में सीबीसी पार्ट पांच मशीन पूरी तरह से बंद पड़ी है। इसके स्थान पर सीबीसी पार्ट तीन से काम चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अस्पताल में बायोकेमिस्ट्री फुली ऑटोमैटिक एनालाइजर मशीन भी बंद है। इसके कारण डायलिसिस के मरीजों की जांच नहीं हो रही। इन दिनों बायोकेमिस्ट्री की जांच का काम बंद हो गया है। मरीजों की लिवर, किडनी व डायबिटीज की जांच नहीं हो पा रही हैं।

**मरीज जेब से खर्च करने को मजबूरः** अस्पताल में औसतन ओपीडी 1500 के लगभग मानी जाती है। इनमें से सीसीसी पार्ट पांच की जांच के लिए 100 से ज्यादा मरीजों को जरूरत होती है। इसके अतिरिक्त दर्जनभर मरीजों को भी प्रतिदिन डायलिसिस की जांच करवानी होती है। अब मरीजों को इस जांच के लिए जेब से खर्च करना पड़ रहा है। बाहर से रिपोर्ट करवाने में समय व पैसे दोनों की बर्बादी है। जरूरतमंद मरीजों को इसके लिए परेशानी होती है।

### गंभीर बीमारियों की जांच के लिए मरीज परेशान




जींद। नागरिक अस्पताल स्थित लैब जहां टेस्ट की जांच होती है। फोटो :हरिभूमि

### जल्द मंगवाएंगे रीजेंटः सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि फुली ऑटोमैटिक एनालाइजर मशीन मशीन के रीजेंट जल्द ही मंगवाए जाएंगे। इनकी प्रक्रिया अंडर प्रोसेस है। अभी तक सीबीसी पार्ट तीन से जांच की जा रही है। मरीजों को परेशानी नहीं आने दी जा रही। इसी सप्ताह के अंत तक बजट आने के बाद सभी व्यवस्थाओं को सुचारू किया जाएगा।

### जिला नागरिक अस्पताल पर पांच करोड़ रुपये का कर्ज

नागरिक अस्पताल पर पांच करोड़ रुपये का कर्ज है। इस कर्ज को चुकाने के लिए अस्पताल के पास बजट नहीं है। इस कारण न तो जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य विभाग दवाई खरीद पा रहा और न ही बंद पड़े उपकरणों को शुरू करने के लिए जरूरत का सामान खरीद पा रहा।



जींद। जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

# बीबीपुर-मोरखी में 51 पेयजल उपभोक्ताओं को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन व ग्राम पंचायत बीबीपुर की संयुक्त टीम ने सोमवार को जिला सलाहकार रणधीर मताना की अध्यक्षता में गांव में घर-घर जाकर पेयजल के कनैक्शन चैक किए और 37 पेयजल उपभोक्ताओं को नोटिस दिए। दूसरी तरफ गांव मोरखी में भी जल संरक्षण अभियान चलाया गया। जिला सलाहकार रणधीर मताना व खंड समन्वयक दिनेश मलिक ने बताया कि गांव में पेयजल के खुले नल द्वारा पेयजल की बर्बादी की जा रही थी। कुछ लीकेज व अस्वच्छ कनैक्शन के कारण ग्रामीणें को स्वच्छ पानी नही मिल रहा था। जिसको लेकर बीबीपूर के सरपंच सुखबीर सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया की ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठेक बुला कमेटी के सदस्य टीम के साथ घर-घर जाकर लोगों को पेयजल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करेगी। अभियान कनिष्ठ अभियंता अजय कुमार, खंड समन्वयक दिनेश मलिक, सुपरवाइजर प्रदीप कुमार, टयूब्वैल ऑपरेटर व विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस टीम में पेयजल की सप्लाई चला कर 108 घरों की विजिट की इस दौरान 37 ऐसे पेयजल उपभोक्ताओं को नोटिस दिए गए। जिन्होंने अपने कनैक्शन सब्जी या खेती के लिए या अवैध तरीके से प्लाट में किए गए थे या नलों पर टेप नही लगाकर पेयजल को बर्बाद कर रहे थे। इसके बाद टीम ने जलघर में पूर्व सरंपच सुनील जागलान के साथ बैठक की गांव में सभी लोगों को इस अभियान से जोडऩे के लिए कहा। दूसरी तरफ गांव मोरखी में सुरेंद्र गुग्गल द्वारा 65 घरों की विजिट करके 24 लोागों को नोटिस दिए गए।

## अस्पताल में बनाए फ्लू कॉर्नर पर आज से होगी संदिग्ध मरीजों की जांच

# कोविड-19 जांच को लेकर नागरिक अस्पताल को मिली चार सौ किट

*जींद अस्पताल में शिफ्ट हो चुकी आरटीपीसीआर लैब, जल्द मिलेगी रिपोर्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश तथा प्रदेश में कोरोना संक्रमित केस लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में जींद अस्पताल के पास कोरोना संक्रमण जांच को लेकर किट ही नही थी। इसे लेकर डिमांड स्वास्थ्य मुख्यालय को भेजी गई थी। अब जींद अस्पताल को 400 जांच किट उपलब्ध हुई हैं। ऐसे में मंगलवार से कोरोना संक्रमण जांच को लेकर टैस्टिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। अबतक जांच किट न आने के कारण कोरोना की जांच शुरू नहीं हो पाई थी। ऐसे में यहां पर संदिग्ध बुखार के मरीजों की जांच नही हो पा रही थी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने फ्लू कॉर्नर पर अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटियां लगा दी थी। अस्पताल में फ्लू कॉर्नर भी बनाया गया है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में ही मरीजों के लिए वेंटिलेटर और आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों का कहना है कि मंगलवार से अस्पताल में टेस्टिंग की सुविधा शुरू हो जाएगी। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग के निकट लैब के पास फ्लू कॉर्नर बनाया गया है। यह टेस्ट उन्हीं लोगों के किए जाएंगे, जिनमें कोरोना से संबंधित लक्षण दिखाई देते हैं। अगर कोई व्यक्ति सीधे तौर पर टेस्ट करवाने के लिए आएगा तो फिलहाल उसका टेस्ट नहीं किया जाएगा। इसे पहले उसे चिकित्सक को दिखाना होगा और उनकी अनुमति के बाद ही उसका टेस्ट किया जाएगा। कोरोना काल के दौरान आरटीपीसीआर लैब को उचाना में बनाया गया था। ऐसे में जींद से सैंपल लेकर जांच के लिए उचाना भेजे जाते थे।

जिसमें काफी समय बर्बाद होता था। पिछले दिनों स्वास्थ्य महानिदेशक ने निर्देश दिए थे कि सभी तरह की टैस्टिंग एक ही जगह पर होनी चाहिए। इन आदेशों पर कार्रवाई करते हुए उचाना से आरटीपीसीआर लैब को जींद अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। ऐसे में यहीं सैंपल लेकर यही जांच हो पाएगी। नागरिक अस्पताल में सोमवार को कुल 2264 ओपीडी हुई। इनमें जुखाम व बुखार के मरीज ज्यादा रहे। जैसे ही अस्पताल खुला तो ओपीडी स्लिप के लिए मरीजों व तिमारदारों की लंबी लाइनें लग गई। हालांकि चिकित्सकों ने मरीजों की गहनता से जांच की और संदिग्ध मरीज को उपयुक्त उपचार देकर कोरोना नियमों की जानकारी दी।



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी स्लिप के लिए लगी लाइन।



जींद। चिकित्सक के कमरे के बाहर एक-दूसरे से सटकर कर खड़े मरीज।

### सतर्कता बनाए रखने की जरूरत

*सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अस्पताल को कोरोना जांच के लिए 400 किट उपलब्ध हुई हैं। कोरोना से बचने के लिए अभी से सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। नागरिक अस्पताल में फ्लू कॉर्नर शुरू किया गया है।*

### कोरोना से बचाव में अहतियात जरूरी

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि लोगों को खांसी, बुखार व सांस लेने में तकलीफ होने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके जांच कराने की सलाह दी जा रही है। लक्षण वाले मरीजों को मास्क का इस्तेमाल करने और लोगों से फिजिकल डिस्टेंस बना कर रखने की अपील की जा रही है। खांसी होने व छींकते समय टिश्यू व रुमाल का उपयोग करने के लिए कहा जा रहा है। संदिग्ध को स्वयं उपचार करने के बजाय डॉक्टर की सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

### संदिग्ध हालात में व्यक्ति ने फंदा लगा कर दी जान

**जींद**। पटेल नगर नरवाना में व्यक्ति ने संदिग्ध हालात फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक निजी स्कूल में अध्यापक था। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। शहर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटेल नगर नरवाना निवासी विनित (36) सोमवार सुबह मकान में फंदे पर लटकता देखा । परिजनों को घटना का सुबह उस समय पता चला जब वे सोकर उठे और नीचे बने कमरे में पहुंचे। परिजनों द्वारा उसे फंदे से उतार अस्पताल पहुचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची व हालातों का जायजा लिया। मृतक के छोटे भाई पुनित ने पुलिस को बताया कि विनित निजी स्कूल में अध्यापक था और मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

# जल निकासी न होने से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव बीर बांगड़ा में स्कूल के पास गली में भरे पानी को लेकर स्कूल छात्र-छात्राओं के साथ साथ लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। हालात यह है कि तालाब से निकाली गई पाइपलाइन भी यही से लीक हो रही है जिसका गंदा पानी गली में भर जाता है। इतना ही नहीं यहां दो सरकारी स्कूल भी है जिसमें राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय। जहां सैकड़ो विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। लेकिन इस गली में पिछले लंबे समय से पानी की निकासी न होने के कारण सारा गंदा पानी गली में भर जाता है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूल के पास रह रहे लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। इस बारे कृष्ण कुमार रोहिल्ला वेद प्रकाश कर्मवीर ,आजाद, राजेंद्, सुरेंद्र ने रोष प्रकट करते हुए कहा है कि जब यह सड़क बनाई गई थी तो जानबूझकर यहां से मिट्टी उठाकर यहां से गहरा कर दिया गया। जिसकी परेशानी उन्हें झेलनी पड़ रही है।थोड़ी सी बरसात होने पर भी यहां पानी भर जाता है। क्योंकि नाले न बनाने के कारण पानी की निकासी ही नहीं है। इसका खामियां यहां छात्र छात्राओं के साथ-साथ यहां रह रहे लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इन लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां पानी निकासी की व्यवस्था की जाए।



### विवाहिता को जहर देकर मारने का आरोप लगाया

**कलायत**। दुब्बल की विवाहिता को जहर देकर मारने के आरोप में पुलिस ने मृतका की सास, देवर व देवरानी पर मामला दर्ज किया है। मृतक मनू का मायका जींद जिला के कालवन गांव में है। इनकी शादी 15 वर्ष पहले दुब्बल के राकेश के साथ हुई थी। थाना प्रबंधक रामनिवास शर्मा ने बताया कि मृतका के भाई विजेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ है। विजेंद्र ने पुलिस में दी अपनी शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही उसकी सास बेदो देवी, देवर रामकेश, देवरानी सीमा ने उनकी बहन व बहनोई को तंग करना शुरू कर दिया था। खेत में नेट हाउस को लेकर उसके परिवार वालों ने इतना तंग किया कि करीब दस माह पूर्व राकेश ने आत्महत्या कर ली। उस समय गांव के लोगों ने आपस में बैठ कर समझौता करके राकेश का दाह संस्कार कर दिया था।

# वर्क वीजा पर कनाडा भेजने का झांसा देकर हड़पे 13.60 लाख

- पुलिस ने सात लोगों पर दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वर्क वीजा पर कनाडा भेजने का झांसा देकर 13 लाख 60 हजार रुपये हडपने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोरखी निवासी सत्यवान से पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा सावन कनाडा जाने का इच्छुक था। जिसके चलते उनका संपर्क मोहाली के रूद्राक्ष गुरप से हुआ। ग्रुप में काम करने वालो का दावा था कि उनका गुरप 32 सालों से कार्य कर रहा है। काफी लोगों को विदेश ने नौकरी दिलवा चुका है। जिसके बाद वह अपने जानकारों के साथ मोहाली गुरप के कार्यालय मे गया। जहां पर मनीषा नाम की लड़की ने कंपनी के मालिक राकेश रिखी से बात करवाई और कंपनी के हैड समेत कुछ अन्य स्टाफ से मिलवाया। आरोपितों ने कहा कि वह सावन को तीन माह में वर्क वीजा पर कनाडा भेज देंगे। अगर वह नही गया तो राशि का वापस दे देंगे। जिसकी एवज मे 13 लाख 60 हजार रुपये की डिमांड की। 25 जनवरी 2025 को 30 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में जमा करवा दी।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

### गोशालाओं में आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश

**कैथल**। डीसी प्रीति ने कहा कि नगर निकाय व पशुपालन विभाग के अधिकारी मौसम को देखते समय रहते गोशालाओं में आवश्यक प्रबंध करें, ताकि गोवंश को चारे, सर्दी-गर्मी से बचाव व चिकित्सा संबंधी कोई दिक्कत न आए। डीसी ने सड़कों से पशुओं को हटाने के लिए विशेष मुहिम चलाने के भी निर्देश दिए। डीसी प्रीति ने कहा कि गोशालाओं में गोवंश को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करें। गोशालाओं का दौरा कर पता लगाएं कि चारे संबंधी कोई परेशानी तो नहीं है। अब गर्मी का मौसम है तो वहां पंखों आदि की व्यवस्था कैसी है। सर्दियों का मौसम आने वाला हो तो दो-तीन माह पहले ही गोशालाओं का दौरा कर तैयारियां आरंभ करें। इसी तरह से बारिश के मौसम को लेकर समय रहते तैयारियां की जाएं। वहां चारे की उपलब्धता, स्वच्छता, इलाज की स्थिति, पशु रखने की क्षमता को लेकर आवश्यक तैयारियां करें। इसके साथ-साथ नगर निकाय विभाग के अधिकारी शहरों में सड़कों पर गोवंश को गोशालाओं में पहुंचाना सुनिश्चित करें। एक बार जो गोवंश गौशाला पहुंच जाए।

# तेज हवा के साथ उड़ी धूल, आकाश में घुमड़े बदरा, गर्मी से मिली राहत

- तापमान में गिरावट, मौसम बना सुहाना, बरसात के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। सोमवार दोपहर बाद तेज हवा धूल उड़ी तो आकाश मे बादल भी घुमड़े। जिसके चलते मौसम सुहाना बन गया। तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 19 प्रतिशत तथा हवा की गति नौ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आकाश में बादल छाए रहेंगे, धूल भरी हवा चलने के साथ बारिश की भी संभावना है। सोमवार को दिन का आगाज आकाश में छाए आंशिक बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ गर्मी भी बढने लगी। दोपहर तापमान 38 डिग्री तक जा पहुंचा। बाद में मौसम ने करवट ली। तेज हवा के साथ धूल भी उडने लगी। हवा की गति 23 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुची। जिसके कुछ समय बाद आकाश में काले बादल घुमड़ने लगे।

### नौ तपा तक सावन का अहसास

हालांकि जेठ माह का नौ तपा चला हुआ है। पिछले एक सप्ताह से मौसम भी परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में हर रोज बादल छा रहे है। धूल भरी हवा भी दस्तक दे रही है। तापमान में गिरावट हो रही है। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो रही है। जिसके चलते जेठ माह के नौ तपा मे सावन जैसा अहसास हो रहा है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में बादल छाए रहेगे तो धूल भरी हवा भी चलेगी। तापमान में भी गिरावट आएगी।




कैथल। दोपहिया वाहन चोर एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस गिरफ्त में।

### चोरी के आरोपित से एक्टिवा और चार बाइक बरामद

**कैथल**। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा एक्टिवा व 4 चोरीशुदा बाइक बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डोगरा गेट कैथल निवासी इश नारंग की शिकायत अनुसार 15 नवंबर को गुरुद्वारा मंजी साहिब कैथल के पास से उसकी एक्टिवा को अज्ञात चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी द्वारा एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसने के आदेश दिए गए है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एसआई शुभकरण, एएसआई जसमेर सिंह व एचसी सुनील की टीम ने जिला पटियाला पंजाब के गांव तईपुर निवासी गुरकीरत को काबू कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### तूड़ी के 30 कूप जलने पर अज्ञात के खिलाफ केस

**जींद।** गांव कटवाल तथा बिघाना के बीच संदिग्ध हालात में 30 कूप तूड़ी के आग से जलने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव कटवाल तथा बिघाना के बीच अपने खेत मे 30 कूप तूड़ी के लगा कर पशुचारे का भंडारण किया हुआ था।

### निर्माणाधीन मकान से दो फोन अन्य सामान चोरी

**जींद।** सैक्टर नौ के निर्माणाधीन मकान से बीती रात चोर दो मोबाइल फोन तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैक्टर नौ निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह मकान का निर्माण कर रहा है। बीती रात चोर मकान से चौकीदार के दो फोन, बिजली वायर, चांदी की चैन व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### खेतों से बिजली केबल चोरी, दो पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव पदार्थखेड़ा खेतों से दो किसानों की बिजली केबल गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने मंदिर के पुजारी समेत दो लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव पदार्थखेड़ा निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खेत में रात उसके खेत तथा पड़ोसी रोशन के खेत से सबमर्सिबल की कीमती केबल चोरी हो गई।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव उझाना से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव उझाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सुरजेवाला के जन्मदिन पर रक्तदान कैंप आज

**नरवाना।** हर साल की तरह इस बार फिर सांसद एवं कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के 3 जून को जन्मदिन को लेकर नरवाना की जनता में खासा उत्साह है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन को उत्सव की तरह बनाने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य कैलाश सिंगला ने बताया कि 3 जून को रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिन इस बार भी समाज सेवा के प्रतीक के रूप में मनाया जाएगा।

### हलका कार्यकारिणी तैयार करने के दिशा निर्देश दिए

**जींद।** इनेलो ने जिला जींद की पांचों विधानसभाओं की हलका कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। जिसके लिए पहले से ही सभी हल्काध्यक्षों मुखबिंदर सिंह जींद, सतीश नैन जुलाना, प्रदीप नैन नरवाना, जोगिंद्र कालवा सफीदों व समरजीत सिंह बिल्लू पेगां उचाना को हल्का कार्यकारिणी तैयार करने के दिशा निर्देश दिए।

### तहसील कार्यालय में किसानों का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मंच सांझा करते बताया कि आने वाले दिनों में हमें अपने संघर्षों को और तेज करना होगा।

### भारतीय भाषा समर कैंप का सफल आयोजन

**नरवाना।** प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि पी एम श्री रा.विद्यालय बडनपुर में भारतीय भाषा समर कैंप का सफल आयोजन। विभागीय निर्देश अनुसार पीएम श्री राजकीय विद्यालय बडनपुर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण एवं 60 बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने बड़े ही रोमांच से ज्ञान प्राप्त किया।

## 21 जून तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा

# नप स्वच्छता पखवाड़ा के तहत घर-घर जाकर करेंगे जागरूक

### स्वच्छता की तरफ बढ़ाया हमारा एक कदम भारत को स्वच्छ बनाने में करेगा मदद : डा. अनुराधा सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम नायब सैनी के निर्देशानुसार नगर परिषद ने सोमवार से ही स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत कर दी है। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने नगर परिषद जींद के सद्बक्ताई संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और दरोगाओं के साथ जींद शहर में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत हरी झंडी दिखाकर की। इस मौके पर मुख्य रूप से चेयरपर्सन प्रतिनिधि डा. राज सैनी, गोविंद सैनी, मुख्य सफाई सुनील दत्त, एसबीएम सुनील चहल, दीक्षांत के साथ सभी सफाई दरोगा मौजूद रहे। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने शपथ दिलाई कि हम स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और उसके लिए समय देंगे। हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। न गंदगी करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। सबसे पहले स्वयं से, अपने परिवार से, मौहल्ले से, गांव, शहर से एवं कार्यस्थल से इसकी शुरूआत करेंगे। हम सभी गली-गली जाकर स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करेंगे। वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी यह करवाएंगे। कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नही थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ कर मां भारती का आजाद करवाया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। उन्होंने कहा कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण है वहां के नागरिक। वह न तो स्वयं गंदगी करते हैं और न ही होने देते हैं। स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया हमारा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। आगामी 21 जून तक नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां चलाई जाएंगी। इसके लिए सरकार की ओर से अनुसूची जारी की है। इनमें स्वच्छता शपथ, स्त्रोत पृथक्करण व सफाई अभियान, विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए प्लास्टिक बाहर, कपड़ा अंदर पर थीम आधारित अभियान चलाना, सेमीनार व प्रशिक्षण कार्यशाला, विश्व पर्यावरण दिवस, विक्रेता संघों के साथ स्वच्छ बाजार अभियान, नारी की भागीदारी, स्वच्छता से स्वास्थ्य, जल संरक्षण दिवस, नालियों से गाद निकालाना और जलभराव क्षेत्रों की सफाई, सामुदायिक भागीदारी, गऊ सेवा और सफाई, विरासत की सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक से आजादी, स्वच्छ सम्मान, स्वच्छता प्रतियोगिता, सौंदर्यकरण के लिए कला प्रतिष्ठानों में कचरा कलाकृतियां लगाना, सड़क मरम्मत, योगा स्थल सफाई तथा बड़े स्तर पर योग और स्वच्छता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



स्वच्छता पखवाड़ा रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी।


आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा समापनः सैनी

नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार एक जून से 21 जून तक प्रदेशभर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसका समापन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा। इस 21 दिवसीय स्वच्छता अभियान का उद्देश्य दैनिक विषयगत गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता और सार्वजनिक स्वच्छता के संदेश को तीव्र गति प्रदान करना है। इन गतिविधियों में शहरी स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, निवासी कल्याण संघ, बाजार संघ, गैर सरकारी संगठनों तथा बड़े पैमाने पर आवासीय समाज सहित सक्रिय नागरिकों की भागीदारी शामिल होगी।

# सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

- नशा मुक्ति अभियान से जुड़कर करें नशे पर वार : मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने सोमवार को सोमनाथ मंदिर नजदीक नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। सीजेएम मोनिका ने नशे की परिभाषा से लेकरए उसके प्रकार, प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में वर्ष 1985 से एनडीपीएस एक्ट अथति नारकोटिक्स ड्रग्स एवं साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट लागू किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत होने वाले अपराध संश्रेय और अजमानतीय होते हैं, कठोर दंड के प्रावधान इसमें है। नशे को मनुष्य के लिए घातक माना गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में 12 उपचाराधीन व्यक्ति उपस्थित थे। प्राधिकरण सचिव ने केंद्र में रह रहे व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए और उनके रहने.सहने के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्राधिकरण सचिव ने स्टाफ को निर्देश दिए की व्यक्तियों की देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए तथा उनके स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सीजेएम ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नालसा पोर्टल नालसाडाटजीओ डॉट इन को जारी किया गया है और राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया कि आगामी 12 जुलाई को न्यायिक परिसर जींद, नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा तथा प्रत्येक कार्य दिवस को स्पेशल लोक अदालत लगाई जा रही है।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

## साउंड हीलिंग थैरेपी कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** भारत विकास परिषद भूतेश्वर शाखा के तत्वावधान में विशेष साउंड हीलिंग थैरेपी कार्यक्रम का एक जून को सेवा सदन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक अमित गोयल ने साउंड थैरेपी के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के विभिन्न लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। शाखा अध्यक्ष नारिश रोहिल्ला और प्रोजेक्ट डायरेक्टर बालकिशन बंसल ने बताया कि भारत विकास परिषद् का उद्देश्य समाज में संस्कार और सेवा के कार्यों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों दृष्टिकोणों से लाभ मिलता है। आज के इस कार्यक्रम में लगभग 40 प्रतिभागियों ने साउंड थैरेपी का लाभ उठाया और इसके सकारात्मक प्रभावों को अनुभव किया।


### दो दिवसीय जिला अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता आज से शुरू

**जींद।** दो दिवसीय जिला अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन अर्जुन स्टेडियम में मंगलवार से शुरू हो रहा है। दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न कैटेगरी में 400 से ज्यादा महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। जींद कुमार, कुमारी जींद केसरी की जिला अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता 3 व 4 जून को अर्जुन स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों का वजन सुबह सात बजे से लेकर नौ बजे तक लिए जाएंगे। नौ बजे के बाद वजन नहीं होगा। सुबह दस बजे कुश्तियां शुरू हो जाएंगी। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने कहा कि पुरुष फ्रीस्टाइल सब जूनियर, जूनियर, पुरुष ग्रीको रोमन स्टाइल सब जूनियरए जूनियर, महिला फ्रीस्टाइल सब जूनियर, जूनियर की प्रतियोगिता में खिलाड़ी भाग लेंगे। पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन स्टाइल में 41 से 45, 48, 51, 55, 60, 65, 71, 80, 92 और 110 किलो भार वर्ग में भाग लेंगे।

### तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ

**नरवाना।** आज भारत विकास परिषद केशव शाखा ने स्थानीय राजकीय कवमावि नजदीक गैबी साहब मंदिर में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ किया । परिषद के प्रेस प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन व सचिव नत्थू राम ने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर में छात्राओं को परिषद की महिला सदस्यों द्वारा ए रंगोलीए मेंहदीए नृत्यए पेंटिंगए वास्तुकलाए वेस्ट मैटीरियल से उपयोगी व सजावटी वस्तुएं बनाना व संस्कार की बहुउपयोगी शिक्षाएं व जानकारियां दी जाएंगी। जिसमें हमारे वीर वीरांगनाओं के किस्से कहानियां सुनकर छात्राओं को देशभक्त व वीर बनना शामिल है। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम परिषद परिवार के सदस्यो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया । इसके बाद महिला सदस्यों ने वन्दे मातरम गीत के साथ शिविर की एक्टिविटीज शुरू की।


नरवाना। संस्कार कार्यशाला में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। बच्चों को कंप्यूटर स्किलस की जानकारी देते हुए।

### डिजिटल समर कैंप का शुभारंभ

**जींद।** बच्चों को भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन ने हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से डिजिटल समर कैंप का शुभारंभ राजकीय कन्या माध्यमिक स्कूल में किया गया। इस शिविर में छठी से बाहरवीं कक्षा की लगभग 150 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया और डिजिटल स्किल्स, साइबर सिक्योरिटी, कंप्यूटर एवं स्मार्टफोन उपयोग, एआई तथा क्रिएटिव सोच से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों का निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला, प्रो. डा. रामधन जैन, ट्रेनर अंकिता खटकड़, अजय वर्मा, विद्यालय प्राध्यापिका दीपा, शीला, मिनाक्षी, सविता, गीता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से किया संवाद

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वैज्ञानिक एवं अधिकारी सोमवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गांवों में जाकर किसानों से रूबरू हुए। कृषि वैज्ञानिकों व कृषि अधिकारियों ने किसानों के छोटे-छोटे समूह से भी वार्तालाप किया। किसानों को बताया की किसान भाई अपने खेत में कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग ना करें बल्कि कीटनाशकों का सुरक्षित एवं न्यायसंगत प्रयोग करें। कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा के प्रभारी डा. रामकरण गौड ने बताया कि कीटनाशकों का प्रयोग केवल उस स्थिति में करें। जब फसल में कीट आर्थिक कगार सीमा से ऊपर हो। धान की फसल में पांच से 10 हॉपर प्रति पौधा नजर आने पर ढाई सौ मिली मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल या या 80 ग्राम डायनोटिफ्यूरान 20%, एसजी को 200 लीटर पानी में मिला कर प्रति एकड़ छिड़काव करें। अगर हम सिफारिश की गई कीटनाशक दवाई की मात्रा से अधिक उपयोग करते हैं तो उसमें किसानों के लिए आर्थिक नुकसान तो होगा ही साथ-साथ ज्यादा कीटनाशक से फसल में नुकसान होने का भी डर रहता है।


जींद। पिल्लूखेड़ा में किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि


जींद। परीक्षार्थियों से बातचीत करते वीसी। फोटो :हरिभूमि

### कुलपति ने परीक्षाओं का निरीक्षण

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के सुचारु और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने सोमवार को परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्रों एवं परीक्षा कर्मिकों से भी संवाद किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा की पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारू संचालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा की गरिमा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। प्रो. सैनी ने परीक्षा कक्षों में स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, समय पालन, उत्तर पुस्तिकाओं की गोपनीयता सहित सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया कि विवि में परीक्षा शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है।


जींद। समर कैंप में मस्ती करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## मंच पर बोलने के गुण सिखाए

**जींद।** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। जिससे वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक हो गया। इसके पश्चात बच्चों ने जोश और उमंग के साथ एरोबिक्स किया। जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य भी सुधार आया। इसके बाद रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई जैसे कि बैंगल (चूड़ी), मेकिंग और कंप्यूटर कक्षाएं जिनमें बच्चों को वर्ड फॉर्मेशन की जानकारी दी । इसने उनकी भाषा और टेक्नोलॉजी से जुड़ी समझ को बढ़ाया। कैंप का एक खास आकर्षण रहा पब्लिक स्पीकिंग सत्र, जिसमें बच्चों को आत्मविश्वास के साथ मंच पर बोलने के गुण सिखाए गए।

# सुप्रीम स्कूल में समर कैंप का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार से सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप 2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। समर कैंप का आयोजन दो जून से सात जून तक कक्षा एक से 9वीं तक के छात्रों के लिए किया जा रहा है। कैंप का उद्देश्य छात्रों को अवकाश के दौरान रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना जैसे गुणों का विकास करना है। कैंप में छात्रों को विभिन्न कलात्मक व बौद्धिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। जिनमें शामिल हैं नृत्य एवं जुंबा, संगीत एवं वाद्य यंत्र, योग एवं फिटनेस, आर्ट एंड क्राफ्ट, सुलेख, पब्लिक स्पीकिंग, मनोरंजक खेल व दैनिक चुनौतियां। शिविर के पहले दिन ही छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उन्होंने पूरे मनोयोग से हर गतिविधि में भाग लिया और रचनात्मकता का परिचय दिया। प्राचार्य सत्येन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को छुट्टियों में भी कुछ नया व सार्थक सिखाने का है। समर कैंप बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता व सामाजिक समन्वय जैसे गुणों का विकास करेगा। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक एवं प्रबंधक शरत अत्री ने पहल की सराहना की।




जींद। आकाश गोयल का सम्मान करते संस्थाओं के प्रतिनिधि।

## आईपीएस के लिए चयनित आकाश सम्मानित

**जींद।** यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईपीएस के लिए चयनित हुए जींद के आकाश गोयल के सम्मान में एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अग्रवाल समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में जींद की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। इन सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अलग-अलग तौर पर आकाश गोयल व उनके पूरे परिवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर नवनियुक्त आईपीएस आकाश गोयल से अनुरोध किया गया की जिस प्रकार जींद की सैंकड़ों सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि अपने-अपने स्तर पर हर समाज की भलाई के काम कर रहे हैं, उसी प्रकार आप भी आईपीएस बनने के बाद आपके दरवाजे पर आए हर जरूरतमंद आदमी के आंसू पहुंचने का काम करना। आकाश गोयल ने भी विश्वास दिलाया कि मैं अपने कर्तव्य का पालन ईमानदारी एवं पूरी निष्ठा से करूंगा। इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर अग्रवाल समाज के नेता महावीर गुप्ता, राजकुमार गोयल, बीएस गर्ग, डा. गोपाल गोयल, डा. सुशील मंगला, डा. रजनीश जैन आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग ने उपायुक्त के समक्ष रखी समस्याएं, डीसी ने लिया संज्ञान

# टेकराम को घर बैठे बुढ़ापा पेंशन देगा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आमजन की समस्याओं को दूर करने में जिला के सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जो नागरिक अपनी समस्याएं लेकर समाधान शिविर में आ रहे हैं, समस्याओं को जिला प्रशासन द्वारा पूरी गंभीरता से सुना जा रहा है और उनकी शिकायतों पर तय मापदंडों अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। ये निर्देश डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायत सुनने के दौरान दिए। समाधान शिविर के दौरान नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पानी लाइन, बिजली कनेक्शन, बिजली की तारें, पेंशन, अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग से जुड़े मुद्दे लेकर पहुंचे। जिस पर डीसी ने संबंधित विभागों को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। नन्हा गांव मुआना निवासी द्वारा डीसी के सम्मुख पानी की सप्लाई को दुरूस्त करने की गुहार लगाई जिस पर डीसी ने पब्लिक हैल्थ के कर्मचारियों को तुरंत सप्लाई को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जैजेवंती के राजेश कुमार ने अविवाहित पैंशन का लाभ देने के लिए अपनी समस्या रखी। जिस पर डीसी ने क्रीड विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को कहा कि संबंधित को जल्द से जल्द पैंशन का लाभ दिलवाएं। जींद निवासी जितेंद्र द्वारा डिवाइडर हटवाने, गांव निडाना निवासी अजीत द्वारा खेतों का रास्ता दिलवाने बारे, हंसराज द्वारा बच्चों का आधार कार्ड बनवाने बारे, खापड़ ग्राम पंचायत द्वारा पानी के कनैक्शन लगावाने बारे अनिता गुप्ता कॉलोनी निवासी द्वारा फैमली आईडी में नाम चढ़वाने बारे, गांव गांगोली के निवासी टेकराम द्वारा अवैध कब्जा हटवाने बारे अपनी शिकायत समाधान शिविर में रखी। 95 वर्षीय टेकराम ने डीसी के समक्ष शिकायत में कहा कि वे चलने-फिरने में असमर्थ है और जब मैं पैंशन लेने गांव में अटल सेवा केंद्र पर जाता हुं तो मेरे अंगुठे के निशान भी नही आते। इसलिए मुझे घर पर ही पेंशन दिलवाई जाए। इस पर डीसी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि वे संबंधित बैंक के कर्मचारी को भेजकर टेक राम को घर पर ही प्रतिमाह मिलने वाली बुढ़ापा पेंशन पहुंचाना सुनिश्चित करें।



समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों को सुनते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।


जींद। पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**जींद।** जननायक जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार को नवनियुक्त पदाधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन जिला प्रवक्ता विकास जागंडा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर जिला प्रधान जोरा सिंह ने शिरकत की इसमें नवनियुक्त सभी हलका प्रधानों को फूलमाला पहना कर समानित किया। इसमें जींद के हलका प्रधान सुनील कंडेला, हलका जुलाना प्रधान अनिल दयानंद कुंडू, उचाना हल्का प्रधान वीरेंद्र कौशिक, नरवाना हलका प्रभारी ईश्वर नैन ने पार्टी हाई कमान का धन्ययवाद किया। नवयुक्त सभी पदीकारियों ने पार्टी हाई कमान को आश्वासन दिया कि व संगठन को मजबूत करने के लिए अधिक कार्य करेंगे। भाजपा की जनविरोधि नितियो के बारे मे जनता को जागरूक करेगे व उनके हित के लिए अवाज उठाने के लिए काम करेंगे। वह गांवों व शहर के वार्डो में जाकर जजपा के सता में रहते किए गए जनहित के काम के बारे में प्रचार करेंगे।

**खबर संक्षेप**

### स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के आवेदन 9 जून तक

**कलायत।** कलायत के श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया ने तेजी पकड़ ली है। प्राचार्य सुनील गर्ग ने बताया कि कालेज में अब तक 130 आवेदन जमा हो चुके हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग ने आवेदन की अंतिम तारीख 9 जून तय की है। ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी का जिम्मा नवीन कुमार के कंधों पर है। बारहवीं कक्षा का रिजल्ट आते ही उच्चतर शिक्षा विभाग ने दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया था। इसके अनुसार 19 मई से ऑनलाइन आवेदन शुरू किए गए। यह प्रक्रया 9 जून तक चलेगी। प्राचार्य द्वारा तय रूप रेखा अनुसार 15 जून तक आवेदनों की वेरीफिकेशन होगी। उपरांत 19 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी।

### उप तहसील कार्यालय की बहाल हुई इंटरनेट सेवा

**राजौंद।** उप तहसील कार्यालय में जमीन पंजीकरण व अन्य प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य तीन दिन बाद सुचारु रूप से होने लगे है। बता दें की सड़क पर चल रहे शिविर निर्माण को लेकर तहसील कार्यालय मे सर्वर को चलाने वाली इंटरनेट की केबल कट जाने से जमीन का पंजीकरण इंतकाल जमाबंदी फर्द राज्य निवासी प्रमाण पत्र जाती व आय प्रमाण पत्र ना बना पाने से युवा भटकते फिर रहे थे।

### सेवानिवृत्त सैनिक और अर्धसैनिक कराएं पंजीकरण

**कैथल।** जिला सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण कार्यालय कैथल के कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी शर्मा ने बताया कि डीसी प्रीति के आदेशानुसार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला में एक नागरिक सुरक्षा टीम का गठन किया जाएगा। इसलिए इच्छुक सेवानिवृत सैनिक व अर्ध सैनिक इस टीम के लिए अपना पंजीकरण जिला सैनिक बोर्ड के कार्यालय में करवा सकते हैं।



### योग जीवन जीने की एक कला: अनिल राणा

**कैथल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत सनसिटी के पार्क में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर का आयोजन प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक अनिल राणा के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण सत्र में साधकों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम, ध्यान और अनुशासित जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। राणा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है। इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मन और मस्तिष्क भी एकाग्र होता है। राणा ने बताया कि योग को सभी के जीवन का हिस्सा बनाना आज की आवश्यकता है। यह शिविर शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। राणा ने सभी साधकों को बधाई देते हुए कहा कि योग शिविर के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

डीसी प्रीति ने ली मानसून के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक

# मानसून: सभी नालों, ड्रेन और सीवरेज की सफाई सुनिश्चित करवाएं अधिकारी

*पिछले सालों में जलभराव वाले प्वाइंटस पर विशेष फोकस करते हुए एतियातन कदम उठाने के निर्देश,पार्कों में बारिश के पानी को भूमि के अंदर डालने के लिए बनाए गए रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को चालू रखें। जहां जरूरत हो, वहां सोखता गड्डे अपनाएं। पिछले सालों में शहरों में कहां-कहां जलभराव हुआ, उन प्वाइंट*

हरिभूमि न्यूज.कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभाग के अधीन आने वाले सभी नालों, ड्रेन व सीवरेज की मानसून के दृष्टिगत सफाई सुनिश्चित करें। इसके लिए मनरेगा से मदद ली जानी हो या फिर किन्हीं दो विभागों में आपसी तालमेल बनाकर सफाई करवाई जानी हो, स्वयं पहल करते हुए फैसला लें। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीसी प्रीति सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में पानी की निकासी से संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि इस बार मुख्यमंत्री जी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नालों, सीवरेज सहित पानी निकासी से जुड़े सभी माध्यमों की साफ-सफाई समय रहते सुनिश्चित की जाए। इसी के संदर्भ में जिले में दस जून से पहले अधिकारी इस कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करवाएं, बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति पैदा न हो। उन्होंने जिला नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि सभी शहरों में सीवरेज सफाई के लिए विशेष अभियान चलाएं। शहर में सीवरेज व नालों में पॉलीथिन आदि यदि कहीं फंसे हैं तो उनकी सफाई करवाई जाए। पार्कों में बारिश के पानी को भूमि के अंदर डालने के लिए बनाए गए रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को चालू रखें। जहां जरूरत हो, वहां सोखता गड्डे अपनाएं। पिछले सालों में शहरों में कहां-कहां जलभराव हुआ, उन प्वाइंट पर विशेष फोकस किया जाए। समय रहते इसका उपाय ढूंढें। सड़कों आदि में कहीं बड़े गड्ढे हों तो उन्हें भरवाएं। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में आने वाली ड्रेनों व सीवरेज की सफाई सुनिश्चित करवाएं। आला अधिकारी स्वयं इस कार्य की मॉनिटरिंग करें।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा से हो या अन्य किसी माध्यम से, नियमानुसार सभी ड्रेनों की सफाई समय रहते हो जाए। ताकि बारिश के समय में जलभराव जैसी स्थिति न हो। उन्होंने डिप्टी सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिए कि जहां संभव हो, वहां अभी से गांव में तालाबों की पानी निकासी करवाएं। ताकि उनमें बारिश का पानी स्टोर हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा के तहत सिंचाई विभाग द्वारा जो मस्टरोल जारी करवाए जाने हैं, वे तुरंत जारी किए जाएं। बिजली विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि बारिश तूफान आदि की स्थिति से निपटने के लिए संसाधन पर्याप्त हों। सभी अधिकारी आपात स्थिति के लिए अपने-अपने विभाग की टीम को सक्रिय रखें। जिन गांवों में बारिश के समय में जलभराव की स्थिति होती है, उन गांवों में पहले से ही निकासी के आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर डीएमसी सुशील कुमार, जिला परिषद डिप्टी सीईओ रितु लाठर, डीआरओ चंद्रमोहन, लोकनिर्माण विभाग के एसई नवनीत कुमार, कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र कुमार, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष कुमार, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता गुरविंद्र सिंह व निशांत बतान सहित जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ हरियाणा का ब्लॉक सीवन का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सीवन

सीवन हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का ब्लॉक सीवन का त्रिवार्षिक चुनाव सम्मेलन ब्लॉक प्रधान बलकार सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मंच संचालन ब्लॉक सचिव जसविंदर ने किया। जिसमें विशेष रूप से जिला प्रधान रघुबीर सिंह व जिला संगठन सचिव मिठु ने चुनाव पर्यवेक्षक ने भाग लिया। जिसमें तीन वर्षों की ब्लॉक सचिव रिपोर्ट व वित्त रिपोर्ट के बाद सर्वसहमति से ब्लॉक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रधान पद पर जसविंदर, ब्लॉक सचिव बारु राम, ब्लॉक कोषाध्यक्ष हरमोलक सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान जयपाल, उपाध्याय जगन, रोशन लाल, जय किशन, प्रचार सचिव अजय, सह सचिव ओमप्रकाश, सोना देवी, जसविंदर कौर, मुख्यसलाहकार खजाना, ननी देवी पदाधिकारी चुने गए। जिला प्रधान रघुबीर सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कच्चे कर्मचारियों को नियमितकरण की पॉलिसी बनाकर कर पक्का किया जाए, सुप्रीम कोर्ट के फैसलेनुसार समान काम समान वेतन दिया जाए, स्कूलों में लगे अवैतनिक सफाई कर्मचारियों को पार्ट टाइम लगाया जाए, विभागों का निजीकरण बंद किया जाए।



सीवन। ब्लॉक सीवन के त्रिवार्षिक चुनाव मे चुने गए पदाधिकारी।

### निर्जला एकादशी में व्रत की विशेष महिमा

**राजौंद।** मनुष्य जीवन सफल बनाने के लिए शास्त्रों में व्रत की बड़ी महिमा की गई है। व्रत ओर उपवास के नियम पालन के लिए शरीर को तपाना ही तप है। भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति में व्रतों का विशेष महत्व है। इस बारे में आचार्य जीवन शास्त्री जी ने 06 जून को आने वाले निर्जला एकादशी के बारे में श्रद्धालुओं को जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि सब व्रतों में श्रेष्ठ एकादशी का व्रत माना गया है। निर्जला एकादशी व्रत से दूसरे व्रतों की अपेक्षा सौ गुणा फल मिलता है। उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी का व्रत रखने से वर्ष भर की सभी एकादशी के समान फल मिलता है।

## जैव विविधता के प्रकार, स्थिति संरक्षण, महत्व के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के तत्वावधान में जैव विविधता प्रबंधन समितियों के पुनर्गठन को लेकर खंड स्तरीय बैठक एवं सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बोर्ड के अध्यक्ष रणदीप सिंह जौहर एवं सदस्य सचिव अतुल जे सिरिस्कर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति अध्यक्ष विनोद कुमार व एसईपीओ अनुराग दत ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण आज के समय की बहुत बड़ी जरूरत है। इसके लिए जैव विविधता अधिनियम 2002 के प्रावधानों का सही ढंग से क्रियान्वयन जरूरी है। उन्होंने सभी समिति सदस्यों से अपील की कि वे जैव विविधता प्रबंधन समिति में इच्छुक लोगों को शामिल करवाएं, जिससे जैव विविधता अधिनियम के प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। हरियाणा राज्य विविधता बोर्ड कैथल की जिला समन्वयक रेखा रानी ने जैव विविधता के प्रकार, स्थिति, संरक्षण, महत्व व जैव विविधता प्रबंधन समिति के कार्य, शक्तियां कर्तव्य और जैव विविधता अधिनियम 2002, नियम 2004 के अन्य पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी सदस्यों से कहा कि वे लोक जैव विविधता पंजिका के सत्यापन के लिए तकनीकी सहायता समूह की ग्राम पंचायत स्तर पर सत्यापन में मदद करें।

*कमजोर वर्ग के परिवारों को मिली राहत*

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना बनी गरीबों के लिए एक सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना ने विशेष रूप से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को बड़ी राहत दी है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बनाई गई है।

इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करके सरकार ने विवाह के समय परिवारों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को सहायता देना है जो अपनी बेटियों की शादी के लिए आवश्यक धनराशि जुटाने में सक्षम नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जहां शादी के खर्च को उठाना मुश्किल होता है। एसडीएम ने बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न वर्गों के लिए अनुदान राशि निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति और विमुक्त जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपये का अनुदान दिया जाता है। इसके साथ ही, विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाएं और उनके बच्चों के लिए भी 51,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना के तहत महिला खिलाड़ियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) के विवाह पर भी 41,000 रुपये की मदद दी जाती है।

शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा

## छुट्टियों में लगाए जा रहे शिक्षकों के सेमिनारों का किया जाएगा विरोध : रामफल दयोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने राज्य कमेटी के आह्वान जून की छुट्टियों के दौरान आयोजित किए जा रहे प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविरों और भाषा शिक्षण के नाम पर समर कैम्प का पूरे प्रदेश में विरोध किया और प्रदर्शन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि उप अधीक्षक हरेंद्र सिंह के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने व संचालन जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने बताया कि संगठन केवल विरोध के लिए विरोध नहीं करता। शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था के हित में हर निर्णय विवेक, संवाद और न्याय के आधार पर लिया जाना चाहिए। लेकिन जब विभाग शिक्षकों को बिना परामर्श, बिना सम्मान और बिना व्यावसायिक गरिमा के, अवकाश के दौरान भी जबरन प्रशिक्षण में उपस्थिति के लिए बाध्य करता है, तो यह सीधा-सीधा शोषण है और ऐसे में संघर्ष अवश्यंभावी हो जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ यह स्पष्ट करता है कि सेवाकालीन प्रशिक्षण शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, नवाचार लाने और शिक्षण कौशल को विकसित करने के लिए आवश्यक है। किंतु वर्तमान में जो प्रशिक्षण कार्यक्रम छुट्टियों में आयोजित किए जा रहे हैं, वे सिर्फ बजट की औपचारिकता और उपस्थिति की खानापूर्ति तक सीमित होकर रह गए हैं। ऑनलाइन उपस्थिति, पूर्व-परीक्षण, पश्चात-परीक्षण, फीडबैक टेस्ट जैसे मूल्यांकन उपकरण एक केंद्रीकृत, अविश्वासपूर्ण और गैर-रचनात्मक प्रणाली का हिस्सा बन चुके हैं, जो शिक्षकों की शैक्षणिक स्वतंत्रता और निर्णय क्षमता पर सीधा हमला है।




कैथल। डीइओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते अध्यापक नेता व कर्मचारी

वैज्ञानिक खेती की दी जानकारी

## कृषि वैज्ञानिकों ने उन्नत बीजों, फसल विविधीकरण और वैज्ञानिक खेती के तरीकों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सीवन

किसानों की आमदनी बढ़ाने और खेती को एक लाभकारी व्यवसाय में बदलने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सीवन ब्लॉक के गांव लदाना चक्कू, सैर, पाबसर, कवारतन व रसूलपुर में किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीजों, फसल विविधीकरण और वैज्ञानिक खेती के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन जैसे विषयों को भी शामिल किया गया और हाल के वर्षों में हुए नवीनतम शोधों को सरल भाषा में समझाया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि किस प्रकार किसान मेहनत और तकनीक के मेल से खेती को लाभकारी बना सकते हैं। किसानों ने भी पूछे सवाल गोष्ठियों में किसानों ने उत्साह के साथ भाग लिया और वैज्ञानिकों से खेती से जुड़े कई सवाल पूछे। किसानों को यह जानकारी दी गई कि कौन-कौन से उन्नत बीज उनके इलाके की मिट्टी और जलवायु के अनुसार उपयुक्त हैं और कौन सी फसलें बाजार मांग के अनुसार अधिक लाभ दे सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दिए जमीनी समाधान गांवों में कलर जमीन की समस्या को लेकर केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी ने विशेष समाधान बताए। किसानों ने भी इन उपायों को अपनाने की सहमति जताई, जिससे भविष्य में इन जमीनों का उपजाऊ बनना संभव हो सकेगा।

कृषि मंत्रालय की पहल से गांवों तक पहुंच रहा शोध उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. कंचन कुमारी ने कहा कि यह अभियान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उनका लक्ष्य है कि शोध संस्थानों में किए गए प्रयोगों और परिणामों को खेतों तक पहुंचाया जाए, ताकि किसान तकनीक का लाभ उठाकर समृद्ध बन सकें।



सीवन। कृषि वैज्ञानिकों से खेती के तरीकों की जानकारी लेते किसान।

## राजकीय स्कूल में भारतीय भाषा सात दिवसीय कैंप शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजौद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगड़ा में भारतीय भाषा सात दिवसीय कैंप की शुरूआत हुई। इस कैंप के प्रथम दिवस में लगभग 40-50 विद्यार्थियों ने भाग लिया विद्यालय के हिंदी अंग्रेजी एवं संस्कृत के टीजीटी एवं पीजीटी नें आज विद्यालय में इस कैंप की शुरूआत की। कैंप के नोडल अधिकारी तेजपाल प्रवक्ता हिंदी ने बताया कि इस कैंप के प्रथम दिवस में आज विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के संबंध में जानकारी दी गई तथा यह भी बताया की किस तरह हम अपने दैनिक जीवन में भारतीय भाषाओं का प्रयोग सुगमतापूर्वक कर सकते हैं । आज हम सभी विभिन्न भारतीय भाषाओं का प्रयोग अपने दैनिक जीवन के एवं कार्यालय के प्रयोग के लिए भी कर सकते हैं तथा हम अपने अभिव्यक्ति को अपनी भाषा में अच्छे प्रकार से व्यक्त भी कर सकते हैं। हम सभी अपनी-अपनी भाषाओं पर गर्व होना चाहिए ताकि हम अपने विचार दूसरों के सामने खुलकर रख सके क्योंकि हमारी सरकार ने भी अभिव्यक्ति की आजादी दी हुई है हम सभी को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखकर अपने विचार रखना चाहिए । इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता आनंद कुमार संस्कृत अध्यापक रोशन लाल अंग्रेजी अध्यापिका प्रियंका एवं रजनीश कुमारी ने आज छात्र-छात्राओं को अपनी भाषा के बारे में जानकारी दी तथा यह भी बताया कि हम अपनी भाषा की वर्तनी का उचित प्रयोग करके शुभकामनाएं संदेश इत्यादि किस प्रकार से भेज सकते है ।



राजौंद। सात दिवसीय कैंप के पहले दिन विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के संबंध में जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि



## बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने भक्तिमय भजनों संग जन्मदिन मनाया

**कैथल।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसाइटी कैथल की मासिक बैठक प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश दुआ की अध्यक्षता में मदनलाल ढींगरा स्मारक स्थित पंजाबी वैलफेयर सभा के सभागार में आयोजित की गई। महासचिव धन सचदेवा ने बताया कि बैठक का शुभारंभ विधिवत सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र से किया गया व सदस्यों के पारिवारिक सदस्यों के निधन पर मौन रख शोक श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद संस्था के वरिष्ठ साथियों रामलाल कालड़ा, रघबीर बतरा,आई डी अरोड़ा,डा प्रीतमलाल शर्मा,अशोक गोगिया, अशोक भारती,मनोहर लाल आहूजा,रुपलाल,जगदीश लाल कालड़ा ने अपने भजनों व देशभक्ति के गीतों से भक्तिमय कर दिया। मुख्य संरक्षक महेश दुआ, प्रधान नरेंद्र निझावन ने कहा कि हमारे पास कई बार वरिष्ठ नागरिक अपनी पारिवारिक/प्रशासनिक समस्याएं लेकर आते हैं,जिन्हें हम उनके परिवार के साथ मिलकर सुलझाने में सहयोग देते हैं व प्रशासनिक समस्याओं के लिए प्रशासन से मिलकर समाधान करवाते हैं।

**जागरूक** जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की

# विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें संपर्क : एसपी आस्था मोदी

*विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। यह बात एसपी आस्था मोदी ने वीजा के नाम पर धोखाधड़ी की बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल



■ हरियाणा के काफी लोगों की विदेश जाने की इच्छा होती है

शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेंटों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। यह बात एसपी आस्था मोदी ने वीजा के नाम पर धोखाधड़ी की बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही। जिला पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि हरियाणा के काफी लोगों की विदेश जाने की इच्छा होती है। लोगों की इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रेवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों के माध्यम से एजेंट पीड़ितों को अपने झांसे में फंसा लेते हैं। एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों में ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते हैं और वहां से जंगलो, समुद्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल नावों, कंटेनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते हैं। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की ठंड के कारण, जहरीले जानवरों के काटने से, नाव डूबने या कंटेनर में दम घुटने से मृत्यु हो जाती है। बहुत से मामलों मे इस प्रकार से विदेश गये लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा-धमकाकर गलत कार्य करवाये जाते हैं।

### कैथल में मानवता की एक और मिसाल

**कैथल।** कैथल में मानवता और परोपकार का एक और अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। हुडा सेक्टर 20 निवासी स्वर्गीय बोहती देवी के नेत्र उनके सुपुत्रों सतनारायण गर्ग, राम लाल गर्ग , श्याम लाल गर्ग और पौत्र मुकेश गर्ग के सहयोग से सफलतापूर्वक दान करवाए गए।

**बेदखली सूचना**

मैं, सुखराज पुत्र नत्थु राम निवासी पटेल नगर, तहसील-नरवान, जिला-जीन्द घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री ज्योति मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे लेन-देन करने व सम्बंध रखने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा।

## खबर संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स ने सीखी टीम वर्क की भावना

**जींद।** 15वीं हरियाणा बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सुबह के सत्र में एनसीसी कैडेटों ने अनुशासन और टीम वर्क की भावना विकसित करने के लिए आर्म ड्रिल और फट ड्रिल तकनीक सीखी। इसके बाद कैडेटों को एनसीसी के उद्देश्यों, लक्ष्यों और प्रोत्साहनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कमांडिंग ऑफिसर ने भारतीय सेना के संगठन और संरचना के बारे में गहन जानकारी दी। ये गतिविधियां कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व और टीम वर्क कौशल के लिए तैयार करती हैं।

### भारतीय भाषा समर कैंप शुरू

**कलायत।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमालपुर में 2 से 8 जून तक चलने वाले भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन विद्यालय में विभिन्न भाषाओं की लिपियों के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्णमाला, अंक लेखन, अभिवादन संबंधी शब्दावली व अन्य जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने सीखी गई बातों के चार्ट और प्रदर्शनी कार्य भी प्रस्तुत किए। इसमें उनकी भाषाई समझ और रचनात्मकता दोनों में निखार आया। नोडल अधिकारी सुभाष शास्त्री ने बताया की शिविर में प्रथम दिन लगभग 80 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उन्होंने उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लिया। कैंप का उद्देश्य बच्चों को भारत की भाषाई विविधता से परिचित कराना है।

### स्कूल से चोरी मामले में बेल जंपर गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार द्वारा वर्ष 2021 के दौरान स्कूल से चोरी करने के मामले में उद्घघोषित अपराधी गांव सांघन निवासी आरोपी विनोद उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 20 मई 2021 को गांव मालखेड़ी स्थित स्कूल से इन्वर्टर की 4 बैटरी व 3 सोलर प्लेट चोरी करने का आरोप है। आरोपी विनोद को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था, लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था।

### युवा पढ़ाई व खेलों से राष्ट्रहित में दें योगदान

**कैथल।** नशा मुक्त मुहिम तहत कैथल पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तहत एसपी आस्था मोदी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और सभी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो। नशा समाज को खोखला कर रहा है। इसी मुहिम तहत डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में एसआई कर्मबीर, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील, एसपीओ प्रदीप कुमार की 2 नशा जागरूक टीमें बनाई गई है। यह टीमें गांव गांव जाकर आमजन सहित युवाओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव बारे बताते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है।

### 16 से 18 आयु के कल बनाए जाएंगे लाइसेंस

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होंने बताया कि एसडीएम कार्यालय द्वारा बिना गियर वाले टू व्हीलर चलाने के लिए विशेष तौर पर शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कर रहे 16 से 18 आयु वर्ग युवाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। इसके लिए बुधवार का दिन निर्धारित किया है। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थाओं का आह्वान भी किया कि वे इस आयु वर्ग के युवाओ के लाइसेंस बनवाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए। उन्होंने आमजन का भी आह्वान किया कि सड़क सुरक्षा नियमों में लापरवाही आपके लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

---

*निगम का कारनामा : 2014 में सिक्योरिटी, फिर भी नहीं लगे पोल, लकड़ियों की बल्ली के सहारे केबल लगाकर घर हो रहा रोशन*

# दो महीने से अंधेरे के साये में: पशुओं समेत निगम में धरने पर बैठेगा परिवार, एसडीओ को दिया ज्ञापन

2014 में सिक्योरिटी भरे जाने के बावजूद निगम ने बिजली पोलों के लिए अस्टीमेट बनाने की जहमत तक नहीं उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा





**अलेवा।** बिजली निगम एसडीओ नगूरां को ज्ञापन देते पीड़ित परिवार के सदस्य व में निगम कार्यालय नगूरां पर शिकायत के साथ पीड़ित परिवार के लोग। फोटो :हरिभूमि

गांव थुआ निवासी खेतों में रहने वाले दो परिवारों को करीब दो महीने से बिना बिजली के रात के अंधेरे के रात बितानी पड़ रही है। हालांकि निगम का कारनामा देखिए परिवारों द्वारा 2014 में बिजली मीटर सिक्योरिटी भरे जाने के बावजूद भी निगम ने बिजली पोलों के लिए अभी तक अस्टीमेट बनाने की जहमत तक नहीं उठाई। जिससे कारण इन परिवारों को लकड़ियों की बल्ली के सहारे उधार की बिजली में अपने घर रोशन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अब इन लोगों को करीब दो महीने से पड़ोसी से ली उधार की बिजली बंद होने से उनके सामने संकट आन खड़ा है। जिससे परेशान इन परिवार के लोगों ने मामले को लेकर नगूरां निगम एसडीओ को पशुओं समेत निगम में धरना देने का ज्ञापन दिया है। नगूरां बिजली निगम एसडीओ दिए ज्ञापन में थुआ निवासी चरण सिंह और वजीर के परिवार ने बताया कि 2014 में बिजली निगम नगूरां में बिजली मीटर सिक्योरिटी जमा करवाई थी। उस समय तो निगम ने बिना अस्टीमेट के ही बिजली मीटर लगाकर एक पड़ोसी से लकड़ियों की बल्ली के सहारे बिजली उपलब्ध करवा दी लेकिन उस वक्त निगम ने जिस ट्रांसफार्मर से केबल लगवाकर बिजली उपलब्ध करवाई थी, उसी ट्रांसफार्मर को मालिक खेतों से ले भागा और उनकी केबल तोड़ दी। जब मामले को लेकर निगम एसडीओ को अवगत करवाया तो निगम एसडीओ ने बिजली मीटर सिक्योरिटी दुबारा भरने तथा अस्टीमेट बनाने की बात कही। उनके द्वारा दुबारा से निगम की सारी शर्तें पूरी कर दी लेकिन जैसे ही जेई ने दूसरे ट्रांसफार्मर से 28 मई को बिजली के पोल खड़े किए तो इनलोगों ने ट्रैक्टर की सहायता से तीन पोलों को तोड़ दिया। मामले को लेकर निगम एसडीओ को बार-बार गुहार लगाई, लेकिन उनकी समाधान नहीं हुआ। एसडीओ को सौंपे ज्ञापन में परिवार के सदस्यों व पशुओं समेत निगम कार्यालय नगूरां में धरना देने की बात कही है।

**पीड़ित परिवारों को जल्द मिलेगी बिजली : एसडीओ**

*बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नंद कुमार ने बताया कि बिजली बाधित करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दे दी है। इसके लिए उक्त लोग चाहे तो सहमत हो, नहीं तो इन लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करवा दूसरे पक्ष को जल्द बिजली उपलब्ध करवाने का काम किया जाएगा। धरने-प्रदर्शन को लेकर मामला उनके संज्ञान में है। धरना प्रदर्शन का सवाल ही नहीं बनता, जब उक्त लोगों को बिजली उपलब्ध करवा दी जाएगी।*

---

विद्यार्थियों को अनुभव आधारित कार्य करने के अवसर मिलेंगे

# छुट्टियों के लिए रचनात्मक, व्यवहार ग्रीष्मकालीन गृहकार्य किया तैयार

- एफएलएन के तहत बच्चों को अनुभव व रचनात्मक आधारित कार्य करने के अवसर मिलेंगे
- बच्चे गृह कार्य माता-पिता के साथ मिल कर करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बच्चे को गृहकार्य करवाते हुए मां।

एक जून से विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो गए हैं। राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एफएलएन के तहत रचनात्मक, व्यवहार ग्रीष्मकालीन गृहकार्य तैयार किया गया है। इसके लिए विद्यार्थियों को अनुभव आधारित कार्य करने के अवसर मिलेंगे। विद्यार्थियों को गतिविधि आधारित गृहकार्य अपने परिवार के बड़े सदस्यों के सहयोग से करने होंगे। यह गृहकार्य माता-पिता के साथ मिलकर किया जाना है। ग्रीष्मावकाश में गांव और परिवार का इतिहास, भोजन का उपयोग और पाक कला, मेहनत के प्रति सम्मान, पुस्तकों का अध्ययन, दादा-दादी, नाना-नानी से वार्तालाप, कार्यस्थल का भ्रमण, पेड़ व पौधों का संरक्षण एवं पशु पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता, टीवी मोबाइल से दूरी, डाकघर बचत खातों का संचालन, स्वच्छ भारत अभियान के तहत आसपास की सफाई जैसी गतिवधियां शामिल हैं। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को नया अनुभव प्रदान करेगा और उनके जीवन में उत्साह लाएगा। इस दौरान वे अपनी छुट्टियों का आनंद लेंगे। यह समय उन्हें कुछ नया सीखने और करने का अवसर प्रदान करता है। वे कोई नया शौक जैसे संगीत सीखना, नई भाषा सीखना या बुनाई आदि शुरू कर सकते हैं। शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मावकाश के दौरान ज्वॉयफु ल एक्टिविटी के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गृहकार्य के अतिरिक्त जीवन कौशल से संबंधित गतिविधि आधारित गृहकार्य देने के आदेश दिए हैं। ग्रीष्मावकाश में अध्यापकों द्वारा जो गृहकार्य दिया जाता है वह अधिकतर पाठ्यक्रम पर आधारित होता है। जबकि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास करके उसे आत्मनिर्भर, कुशल तथा सभ्य नागरिक बनाना है। इसलिए गृहकार्य इस प्रकार दिया जाए। जिसके माध्यम से विद्यार्थी जीवन कौशल भी सीख सकें। वह पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होए परिवारों के प्रति उसकी सोच अधिक से अधिक व्यापक बनाते हुए व्यापक तथा प्रायोगिक बन सके और परिजनों के साथ जुड़ाव और रिश्तों को अधिक व्यापक बनाते हुए मजबूत करें।

**सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी**

*एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थी अनुभव आधारित गृह कार्य में भाग लेंगे। इस दौरान गृहकार्य में बच्चों के घर के बड़े सदस्य भी सहयोग करेंगे। पुस्तकों का अध्ययन, दादा-दादी, नाना-नानी से वार्तालापए पेड़ व पौधों का संरक्षण जैसे गतिविधियां होंगीए जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में मदद मिलेगी।*

---



**जींद।** कार्यकर्ताओं से मिलते हुए कुलदीप बिश्नोई।

# कार्यकर्ताओं का उत्साह देख मिल रही ऊर्जा : कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने मेरे साथ कंधे से कंधा मिला कर संघर्ष किया है, उन कार्यकर्ताओं को मैं कभी भूल नहीं सकता। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कुलदीप बिश्नोई को एक बार फिर से चाहे कितना भी संघर्ष करना पड़े वे करेंगे। इसलिए कार्यकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। वे उनके काम करवाएंगे। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई सोमवार को जींद में कार्यकर्ताओं से मिले। कार्यकर्ताओं ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि प्रदेश के हर कौने में उन्हें अपने पुराने संघर्ष के साथियों से वही प्यार, स्नेह और समर्थन मिल रहा है, जिसको देखकर वे अभिभूत हैं और उन्हें एक नई ऊर्जा और ताकत मिल रही है। इस दौरान उन्होंने अपने संघर्ष के साथियों के यहां सुख-दुख में शिरकत की। कार्यकत्र्ताओं से बातचीत करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा की आपका भविष्य उज्ज्वल है और आपने जो मेरा साथ दिया है, उसे वह कभी भूला नहीं सकते। कार्यकर्ता ही उनकी ताकत हैं और कार्यकर्ताओं जोश, जुनून और उत्साह से उनमें एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि वे जहां भी जा रहे हैं, प्रदेशभर में, गांवों में, शहरी क्षेत्रों में स्व. चौधरी भजन लाल से जुड़े पांच दशकों से भी पुराने साथियों से मिलना हो रहा है।

---

# इशिका ने एमबीए में हासिल किया गोल्ड

**जींद।** डूमरखां गांव निवासी इशिका ने कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एमबीए में गोल्ड मेडल हासिल किया। गोल्ड मिलने पर इशिका की दादी राजवंती ने खुशी जताते हुए कहा कि इशिका शुरू से ही बहुत होनहार रही है। इशिका के दादा नरेंद्र श्योकंद ने कहा कि अब इशिका पीएचडी कर टीचिंग लाइन में जाना चाहती है। इशिका के पिता रणदीप श्योकंद रैडक्रास यमुनानगर में सचिव के पद पर कार्यरत हैं और उनकी माता ऊषा गृहणी हैं। बेटी के गोल्ड जीतने पर रणदीप श्योकंद और ऊषा ने खुशी जाहिर की और कहा कि इशिका शुरू से ही होनहार रही है। उसने 10वीं और 12वीं में भी अच्छे अंक लेने का काम किया। इशिका ने कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी से एमबीए में अच्छे अंक लेकर गोल्ड मेडल जीतने का काम किया है। रणदीप श्योकंद ने आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। बेटियां माता-पिता का नाम रोशन कर रही हैं। उन्हें अपने बेटी इशिका पर नाज है। जिसने गोल्ड मेडल जीत कर परिवार का ही नहीं बल्कि जींद जिले का नाम रोशन किया है।

# रिद्धिमा ने वुशू सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- दोनों खेलों में गोल्ड जीतने का रिकार्ड रिद्धिमा के नाम

उचाना की बेटी रिद्धिमा कौशिक भौंगरा ने किक बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीतने के बाद वुशू सब जूनियर चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर इतिहास रचने का काम किया है। दोनों खेलों में गोल्ड ही गोल्ड जीतने का रिकार्ड रिद्धिमा कौशिक के नाम हो गया है। तमिलनाडू में आयोजित हुई सब जूनियर वुशू नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतो। प्रतियोगिता में देशभर से 300 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया। 26 से 31 मार्च तक ये प्रतियोगिता आयोजित हुई। फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश की अंकिता को हराकर रिद्धिमा कौशिक ने गोल्ड जीत। कोच संतोष थापा ने बताया कि 9 साल से रिद्धिमा कौशिक ट्रेनिंग कर रही है। शुरूआत में फिटनेस एवं सेल्फ डिफेंस के उद्देश्य से ट्रेनिंग की गई लेकिन वल्र्ड स्तर की इंटरनेशनल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। पिता सुरेंद्र कौशिक, माता रितु कौशिक ने बताया कि उनकी बेटी आए दिन खेलों में देशए प्रदेश एवं गांव, परिवार का नाम रोशन करने का काम कर रही है। हमें पूरा यकीन है कि एक दिन बेटी अंतराराष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग एवं वुशू में पहले स्थान पर आकर देश का नाम रोशन करेगी। दादा ओमप्रकाश भौंगरा ने कहा कि उनकी पोती होनहार खिलाड़ी है। उसने छोटी उम्र में ही यह मुकाम हासिल किया है। वाको इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में तीन साल से गोल्ड और नेशनल टूर्नामेंट में चार साल से गोल्ड मेडल जीते है।

# सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा 80 लीटर लाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जांच करती टीम।

सीएम फ्लाइंग ने सोमवार को गांव रोहड़ में मकान पर छापेमारी कर 80 लीटर लाहन को बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि गांव रोहड़ निवासी गुरमीत अवैध शराब का कारोबार करता है। जो अपने घर मे कच्ची शराब निकालने की तैयारी कर रहा है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह, पवनकुमार, सतपाल की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम में सदर थाना सफीदों के पुलिसकर्मियो को भी शामिल किया गया। संयुक्त टीम ने गुरमीत के घर में दस्तक देकर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान बाथरूम में ड्रम मिला। जांचने पर उसमें लाहन पाई गई। जिसका मात्रा 80 लीटर पाई गई।

---

# अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेटर संदीप कुंडू ग्वालियर में अपने खेल प्रदर्शन का जलवा दिखाएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

- कैथल के तीन खिलाड़ी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे

कलायत विधानसभा के गांव तितरम का अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेटर संदीप कुंडू ग्वालियर में अपने खेल प्रदर्शन का जलवा दिखाएगा। खिलाड़ी का चयन इस प्रतिस्पर्धा के लिए चंडीगढ़ टीम में हुआ है। खेल कोच जगरूप कुंडू ने बताया कि 5 से 9 जून तक इस खेल दंगल में संदीप कुंडू के अलावा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कैथल जिले के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें सीताराम सैनी, सुशील गिल और प्रदीप चहल शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी व्हीलचेयर पर अत्यंत शानदार खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं और टीम की मजबूती बढ़ाएंगे। संदीप कुंडू अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने व्हीलचेयर क्रिकेट में कई अविश्वसनीय रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। इसमें मात्र 12 गेंदों में 50 रन, 26 गेंदों में 100 रन व टी-20 मुकाबले में 184 रन लेकर खेल जगत में एक नया अध्याय लिखा है। उनकी धुआंधार पारियां व्हीलचेयर क्रिकेट के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हैं। हाल ही में संदीप कुंडू ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर चंडीगढ़ टीम को राष्ट्रीय चैंपियन बनाकर सफलता का बड़ा परचम फहराया है। जिला कैथल और प्रदेश भर में संदीप और उनके साथियों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

---

पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजन

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण में दिखाई रुचि कार्यक्रम का हिस्सा बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** सीटीएम को सम्मानित करते पदाधिकारी।

पीएनबी बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ग्योंग में कृषि प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चंडीगढ़ से डीजीएम सुरेश शर्मा, सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस कार्यक्रम यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी विभिन्न गांवों से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। डीजीएम सुरेश शर्मा ने भारत सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस कार्यक्रम के दौरान ऋण स्वीकृत किए गए। इसके अलावा सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने पीएनबी आरसेटी द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कोर्सज की सराहना की। इसके बाद मंडल प्रमुख ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को ऋ ण संबंधित जानकारी प्रदान की गई। एलडीएम एसके नंदा ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। आरसेटी निदेशक जगदीश कुमार ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख सर्वेन्द्र, एमसीसी प्रमुख अंकित, एलडीएम एसके नंदा, चीफ मैनेजर अनिल रहेजा और एचएसआरएलएम मनोज चहल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।